पूर्वोत्तर में अपनी मजबूत पैठ बनाना चाहती है शालीमार पेन्ट्स : समीर नागपाल

■ सिलीगुड़ी में खोला क्षेत्रीय वितरण केन्द्र

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। पेन्ट एवं कोटिंग के क्षेत्र में देश की अग्रणी शालीमार पेन्ट्स अब पूर्वोत्तर भारत में अपनी पकड़ मजबूत बनाने में जुट गई है। इस दिशा में कंपनी ने आज सिलीगुड़ी में क्षेत्रीय वितरण केन्द्र की शुरूआत की।

शालीमार पेन्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर नागपाल ने आज यहां एक खास बातचीत में बताया कि 111 साल पुरानी यह कंपनी देश की पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कंपनी की 56 डिपो है।

उत्तर बंगाल को आधार बनाकर पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपने उत्पादों की पैठ बनाना चाहती है। पहले सिलीगुड़ी डिपो का संचालन एवं देख-रेख मुम्बई से हुआ करता था, लेकिन अब इसे क्षेत्रीय वितरण केन्द्र बना दिया गया है, जिससे पूरे

पूर्वोत्तर भारत में शालीमार पेन्ट्स की विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाया जायेगा। एक सवाल के जवाब में श्री नागपाल ने कहा कि उत्तर बंगाल एक अहम बाजार है एवं यहां हमारी मजबूत मौजूदगी है। सिलीगुड़ी में दूसरे अव्वल कंपनी के रूप में अपनी पैठ के साथ अब विपणन पर खास जोर दिया जा रहा है। पूर्वोत्तर में कंपनी की भागीदारी बीस प्रतिशत से अधिक है।

उन्होंने आगे कहा कि नया केन्द्र खुलने से इस क्षेत्र में कंपनी को उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने एवं डीलर नेटवर्क को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। इमलशंस की बिक्री बढ़ाने तथा सकल बिक्री में प्रीमियम पेंटकला हुसैन कलेक्शन की भागीदारी बढ़ाने पर खासा जोर दिया जा रहा है।